सार-समाचार

## 'मोदी की जनसभा में सर्वाधिक कार्यकर्ता जाएंगे अजमेर'

**सीकर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 28 को अजमेर में आयोजित जनसभा व पंचायती राज चुनावों की तैयारियों को लेकर भाजपा की बैठक बुधवार को जिला कार्यालय में हुई। बैठक में जिले के संगठन प्रभारी व पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया, सह प्रभारी व पूर्व विधायक अनिता गुर्जर मुख्य वक्ता रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने की। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी व राजकुमारी शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता इंद्रा चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, दिनेश जोशी, प्रदेश प्रवक्ता महिपाल महला व भूपसिंह पूनियां, नीलम मिश्रा आदि मंचस्थ रहे। संचालन जिला महामंत्री राजेश रोलन ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिले के संगठन प्रभारी व पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया ने कहा कि सीकर जिले की सभी आठों विधानसभा से हजारों से संख्या में कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में जाएंगे। इसकी तैयारियों में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि पंचायती राज व निकाय चुनावों की तैयारियों में अभी से जुट जाए। कहा कि सीकर की पंचायतों, जिला परिषद व निकायों में भाजपा की जीत का परचम लहराना है। सह जिला संगठन प्रभारी अनिता गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अजमेर में होने वाली जनसभा में प्रत्येक बूथ से कार्यकर्ता जाए। पंचायती राज व निकाय चुनावों के लिए गुर्जर ने कहा कि भाजपा को अधिक मजबूती के साथ पंचायती राज व निकाय चुनावों में विजयी बनाएं। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री की अजमेर में 28 फरवरी को होने वाली जनसभा में जिले से 7500 से अधिक कार्यकर्ता जाएंगे। कहा कि पंचायती राज व निकाय चुनावों में भाजपा जीते ऐसे प्रयास सभी को मिलकर करना है। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि प्रधानमंत्री की अजमेर में होने वाली सभा में सर्वाधिक कार्यकर्ता जाएं यह प्रयास मिलकर करने हैं। उन्होंने कहा कि सभी को एकमत होकर पंचायती राज व निकाय चुनावों में उतरना है। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि बैठक में राजेश रोलन, नेमीचंद कुमावत, जितेंद्र सिंह कारंगा, प्रभुसिंह सेवद, बाबुलाल यादव, प्रभुसिंह शेखावत, अजय खर्रा, करण सिंह, तेजप्रकाश सैनी, मूलचंद रणवां, नंदकिशोर सैनी, गोविंद बिजारणियां, गजेंद्र चारण, प्रकाश दाधीच, अनिता शर्मा, श्रीहरि बियाणी, विष्णु काबरा, अशोक चौधरी, राजकुमार महला, वरूण कुशलेश शर्मा, ललित पंवार, इंद्र शर्मा, प्रदीप अठावाल, ओमप्रकाश बिजारणियां, मुकेश पिपलवा, गुलाब धींवा, रामदेव बिजारणियां, जावेद खान, दिनेश भादवासी, राजकुमार किरोड़ीवाल आदि मौजूद रहे।

## विनोद जाखड़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर खुशी

**झुंझुनूं ।** अंबेडकर भवन झुंझुनूं में बाबा साहेब की स्टेच्यू के सामने कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमर सिंह धीरज, सोसायटी संरक्षक महावीर प्रसाद सानेल व अजाक जिलाध्यक्ष डॉ. संपत्तराम बारूपाल के नेतृत्व में सांगलिया धुणी के परम सेवक विनोद जाखड को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर आतिशबाजी व मिठाई खिलाकर खुशी जताई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष धीरज ने शीर्ष नेतृत्व मल्लिकार्जुन खडगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का आभार जताते हुए उनकी दूरदृष्टि सोच के लिए धन्यवाद दिया है। धीरज ने कहा कि मुझे विश्वास है कि जाखड़ छात्र शक्ति की आवाज को मजबूती से उठाते हुए उनके हक व अधिकारों की लड़ाई पूरी ईमानदारी प्रतिबद्धता व क्षमता के साथ लड़ते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए कांग्रेस पार्टी के लिए तुरूप का इक्का साबित होंगे। इस मौके पर रामस्वरूप सिंह, रामनिवास जिनोलिया, उम्मेद गर्वा, गणपत खन्ना, रामदेव, भोपाल सिंह, घनश्याम आर्य, दीनदयाल गर्वा, बाबूलाल बड़जात्या, शुभकरण बगड़, एनएसयूआई उपाध्यक्ष वसीम खान, साहिल तथा महमूद आदि उपस्थित थे।

## भिक्षावृत्ति के विरुद्ध समझाइश अभियान

**सीकर ।** खाटू मेला क्षेत्र में बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति की रोकथाम को लेकर बाल अधिकारिता विभाग की सहायक उपनिदेशक डॉक्टर गार्गी शर्मा के निर्देशन में बुधवार को बाल कल्याण समिति, सीकर एवं गायत्री सेवा संस्थान की संयुक्त टीम द्वारा विशेष जागरूकता एवं समझाइश अभियान चलाया गया। टीम ने मेला क्षेत्र के विभिन्न होटल, ढाबों एवं दुकानों पर जाकर व्यापारियों को स्पष्ट रूप से बाल श्रमिक नहीं रखने तथा किसी भी प्रकार के बाल शोषण से दूर रहने की समझाइश दी। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि यदि मेला क्षेत्र में कोई लावारिस बालक या बालिका दिखाई दे, तो उसकी सूचना तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दी जाए, ताकि समय रहते बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अंकुर बहड, समिति सदस्य बिहारीलाल बालन तथा गायत्री सेवा संस्थान से जिला समन्वयक नरेश कुमार सैनी, अभिषेक बगड़िया एवं मीना कुमारी मौजूद रहे। टीम ने व्यापारियों को बताया कि बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति कानूनन अपराध है और इसके विरुद्ध सख्त कानूनी प्रावधान हैं। प्रशासन का उद्देश्य दंडात्मक कार्रवाई से अधिक जागरूकता और सहयोग के माध्यम से बाल संरक्षण को सुनिश्चित करना है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अंकुर बहड़ ने कहा कि खाटू मेला जैसे विशाल आयोजन में बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बाल श्रम या भिक्षावृत्ति किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। सभी व्यापारी और नागरिक बाल संरक्षण में प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत 1098 पर सूचना दें । विदित रहे बाल कल्याण समिति की न्याय पीठ वर्तमान में मेला क्षेत्र में ही स्थापित कर रखी है बालको से संबंधित सभी निर्णय मेला क्षेत्र में ही लिए जा रहे हैं । समिति सदस्य बिहारीलाल बालन ने कहा कि समाज की सजगता ही बच्चों की सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत है। यदि हम सभी मिलकर सतर्क रहें, तो किसी भी बच्चे का शोषण रोका जा सकता है। हमारा उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है।

## देहदान की घोषणा

**चूरू ।** जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज की प्रेरणा से चूरू में नोटरी पब्लिक राम कुमार सुंडा ने अपने सगे छोटे भाई रणजीत सिंह सुंडा के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज पहुंचकर प्राचार्य डॉक्टर एम एम पुकार के समक्ष देहदान करने की घोषणा की है। निकटवर्ती गांव सोमासी निवासी स्वर्गीय गणेशा राम सुंडा के पुत्र राम कुमार सुंडा उम्र 78 वर्ष और रणजीत सिंह सुंडा उम्र 62 वर्ष ने कॉलेज में देहदान करने का स्वेच्छा से आवेदन पत्र भरकर प्राचार्य डॉक्टर एम एम पुकार को दिया। यहां सुंडा ने कहा कि हमारे आध्यात्मिक गुरु संत रामपाल महाराज द्वारा समाज और देश हित में किए जा रहे बिना दहेज के विवाह, नशा मुक्ति, रक्तदान, देहदान जैसे नेक कार्यों से प्रेरित होकर दोनों भाईयों ने देहदान करने का स्वेच्छा से निर्णय लिया है। इस मौके पर राम कुमार सुंडा के पुत्र कमल सुंडा और रणजीत सिंह सुंडा के पुत्र शिवकरण सुंडा आदि सहित अन्य मौजूद रहे।

## समाजसेवी पारख का अभिनंदन

**चूरू ।** समाज सेवी बसंत पारख का चूरू पहुंचने पर साकार संस्थान की ओर से भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। सरकार संस्थान के अध्यक्ष हनुमान आदित्य ने बताया कि बसंत पारख ने विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया हैं। इस उपलब्धि के लिये संस्थान ने उनका भव्य अभिनंदन किया। इस मौके पर संस्थान के राकेश दाधीच, दिनेश स्वामी, उमेश शर्मा, कौशल शर्मा, प्रेमसिंह, सुरेश कुमार, जगदीश कुमार आदि ने शॉल, श्रीफल व राजस्थानी साफा पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर समाजसेवी बसंत पारख ने कहा कि उनके पिता स्व. रतनलाल पारख की प्रेरणा से चलना उनकी प्राथमिकता है। आगे भी इसी तरह समाज सेवा के क्षेत्र में अनवरत काम करते रहेंगे, उन्होंने साकार संस्थान का आभार व्यक्त किया।

## मोबाइल एम्बुलेंस टीम देर रात तक सेवा में

**सीकर ।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी व जीव सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में खाटू मेलें मे 28 फरवरी तक अजीतगढ से जालपाली मोड श्रीमाधोपुर तक चलाई जा रही मोबाइल एंबुलेंस सेवा की टीम पदयात्रियों की सेवा में जुटी हुई है। बुधवार को टीम ने 187 पदयात्रियों को प्राथमिक चिकित्सा मुहैया कराई। सोसायटी के तहसील प्रभारी कपिल मीणा ने बताया की मोबाइल एम्बुलेंस में शंकर शर्मा,धर्मा सैन,पवन टांक,महेश दीवान, दिनेश शर्मा सेवाएं दे रहे है। मोबाइल एम्बुलेंस टीम देर रात तक सेवा करने में जुटी हुई है। मोबाइल एम्बुलेंस सेवा के द्वारा रात्रि विश्राम पंडाल में भी श्याम पदयात्रियों के महरम पट्टी की जा रही है।

# पीएम के नेतृत्व में देश स्वच्छ और स्वस्थ बनने की ओर अग्रसर : गुप्ता

- **चूरू में स्वच्छता अभियान के प्रदेश ब्रांड एम्बेसडर के.के. गुप्ता हुए पत्रकारों से रूबरू**

**चूरू ।** पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के आवास पर स्वच्छता अभियान के प्रदेश ब्रांड एंम्बेसेडर के.के. गुप्ता ने पत्रकारों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान अब प्रत्येक भारतीय का संस्कार बन गया है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश स्वच्छ और स्वस्थ बनाने की ओर अठासर है। उन्होंने कहा कि हमारे मंदिरों, स्कूलो, अस्पतालों, में स्वच्छता अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ किया, तो विपक्ष ने इसका मजाक उड़ाया, परन्तु अब इसका सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार स्वच्छता अभियान को लेकर अनेक कदम उठा रही है। जिससे प्रदेश में यह अभियान लोगां के संस्कार में शामिल हो रहा है। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान के जिला संयोजक भंवर गुर्जर ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य देश को स्वच्छता के मायने में विश्व स्तर पर सम्मान दिलाता है। उन्होंने कहा कि जिले में लगातार पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड,. विधायक हरलाल सहारण व जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा के नेतृत्व में लगातार कार्य कर रहे हैं, इसका परिणाम जिले में सकारात्मक पड़ रहा है। उन्होंने चूरू में टेम्पों टीपर के माध्यम से घर-घर कचरा संग्रहण की जानकारी देते हुए बताया कि इससे चूरू में स्वच्छता अभियान शानदार तरीके से चल रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम सहसंयोजक भागीरथ सैनी, शिवकुमार शर्मा, सोशल मीडिया जिला सहसंयोजक सुरेश मिश्रा, मीडिया जिला सह संयोजक नीरज जांगिड़, सुनील खटीक, तेजपाल शर्मा, ओम प्रकाश, हंसराज सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महोत्सव में साकार हुई लोक संस्कृति

**चूरू ।** स्थानीय दादाबाड़ी में शेखावाटी फाउंडेशन चूरू की ओर से स्व. भगवान दास सातड़ेवाला की स्मृति में मंगलवार शाम शेखावाटी फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, विजय कुमार सराफ, राजकुमार अग्रवाल, हरिओम शर्मा, शेखावाटी फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक, संपादक पशुपति शर्मा, पूर्व प्रधान रणजीत सातड़ा, पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया, पूर्व सभापति विजय शर्मा, मोहम्मद हुसैन निर्माण, गुलाब नाथ महाराज, सूर्यप्रकाश पुजारी व अनुराग शर्मा मंचस्थ अतिथि थे। शेखावाटी महोत्सव में चूरू सहित बिसाऊ, राजलदेसर, सात्यूं के कलाकारों सहित सीकर के योगी शर्मा ने ढ़प व गींदड़ नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी। कलाकारों ने राजस्थानी लोकगीतों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने गणेश वंदना व चंग बजाकर कार्यक्रम का विधिवत् शुभारम्भ किया।

# 52 वर्ष की उम्र में झुंझुनूं के पूर्व सैनिक बने मैराथन धावक

- **लद्दाख और जैसलमेर अल्ट्रा रेस पर नजर**

**बुहाना,।** संकल्प और अनुशासन की प्रेरणादायक मिसाल पेश करते हुए सागा गांव के सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर किरोड़ीमल ने साबित कर दिया है कि उम्र सफलता की राह में बाधा नहीं बनती। 52 वर्ष की आयु में वर्ष 2025 में अपने एथलेटिक कॅरिअर की शुरुआत करने के मात्र आठ महीनों के भीतर उन्होंने 42.195 किलोमीटर की फुल मैराथन चार घंटे 25 मिनट में पूरी कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। करीब 30 वर्षों तक भारतीय सेना में सेवा देने के बाद वर्ष 2021 में सेवानिवृत्त हुए सूबेदार मेजर किरोड़ीमल ने रिटायरमेंट के बाद विश्राम का मार्ग नहीं चुना। उन्होंने स्वयं को सामाजिक कार्यों में समर्पित करते हुए भारतीय सशस्त्र बलों में भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को प्रशिक्षण व मार्गदर्शन देना शुरू किया।

अनुशासन और फिटनेस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सेवानिवृत्ति के बाद भी बरकरार है। उनकी उपलब्धि इसलिए भी विशेष है। क्योंकि जहां कई युवा पांच किलोमीटर की दौड़ में ही कठिनाई महसूस करते हैं। वहीं उन्होंने अपने एथेलेटिक सफर की शुरुआत के कुछ ही महीनों में 42.195 किलोमीटर की कठिन मैराथन पूरी कर ली। अब सूबेदार मेजर किरोड़ीमल ने और बड़े लक्ष्य निर्धारित किए हैं।

वे प्रतिष्ठित लद्दाख मैराथन की 42.195 किलोमीटर की ऊंचाई वाली दौड़ में भाग लेने के साथ-साथ राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्र में आयोजित होने वाली जैसलमेर बॉर्डर 50 किलोमीटर अल्ट्रा मैराथन में भी हिस्सा लेने का संकल्प ले चुके हैं। उनकी यह यात्रा दर्शाती है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन और साहस के बल पर किसी भी उम्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए जा सकते हैं। जिन युवाओं को वे प्रशिक्षित कर रहे हैं और जिस समाज का वे प्रतिनिधित्व करते हैं, उनके लिए वे प्रेरणा, धैर्य और राष्ट्र गौरव का जीवंत उदाहरण बन चुके हैं।

## पोते की शादी में दहेज ना लेकर पौत्रवधु को गिफ्ट में दी कार

**चिडावा ।** कस्बे में पोते की शादी में दहेज ना लेकर अपनी पौत्रवधु को मुंह दिखाई में कार भेंट कर अनूठी मिसाल पेश की है। इस सहरानीय पहल से समाज को एक अच्छा संदेश मिला है। साथ ही बहूओं को भी बेटियों की तरह प्यार और सम्मान देने के संदेश को मजबूती मिली है। दरअसल 19 फरवरी 2026 को रोहित पुत्र सूबेदार मेजर राजेश राव की शादी मैना पुत्री कैप्टन महेन्द्र सिंह पूनियां माखर के साथ हुई थी। इस मौके के ऊपर नागरमल राव रोहित के दादाजी ने तिलक में दिए पांच लाख रुपए वापिस लौटाए और शगुन में एक रूपया, पांच बर्तन लिए। साथ दादाजी एवं दादीजी ने पौत्रवधु को 16 लाख रुपए की कार भेंट की।

# बाबा मंढी धाम में भक्ति, संस्कृति व खेल का अनूठा संगम

- **श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ कथा का भव्य समापन**

**सुजडोला/पिलानी ।** बाबा मंढी आश्रम में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का मंगलवार को श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भव्य समापन हुआ। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा धाम भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। कथा के अंतिम दिन हवन, पूर्णाहुति और महाप्रसादी के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

पीठाधीश्वर आकाश गिरी महाराज ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी कथा के साथ पारंपरिक मेला, कुश्ती दंगल एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिससे धार्मिक आस्था के साथ ठाामीण खेल प्रतिभाओं को भी मंच मिला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में संस्कार, अनुशासन और सांस्कृतिक जुड़ाव मजबूत होता है।

समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रतिक चिन्ह एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान मंच पर धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्य एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इनमें सरपंच आजाद दमदौरा, सरपंच भानु सिंह (सुजडोला), पूर्व सरपंच सुमेर सिंह, पूर्व सरपंच शिशराम महला, जयसिंह शेखावत, चंद्रपाल, अर्जुन सिंह, विजय सिंह, राजकुमार, अनिल यादव, सुरेंद्र सिंह, अशोक सिंह ठेकेदार, मानसिंह लिखवा, रामचंद्र यादव, रतनसिंह सैनी, राजेन्द्र चौधरी, रोहिताश सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

समिति अध्यक्ष समाजसेवी एवं भाजपा नेता महेश बसावतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सात दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में दूर-दराज़ के गांवों से श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कथा के माध्यम से समाज में नैतिकता, सेवा और भाईचारे का संदेश दिया गया, वहीं खेलकूद प्रतियोगिताओं ने युवाओं में उत्साह भर दिया।

## एनएसयूआई कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जाएंगे दिल्ली

**झुंझुनूं, ।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के बाद विनोद जाखड 28 फरवरी को दिल्ली में अपना कार्यभार ठाहण करेंगे। जिसे लेकर झुंझुनूं में भी एनएसयूआई कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इस संदर्भ में एनएसयूआई के कार्यकारी जिलाध्यक्ष रिजवान खान ने प्रेस वार्ता की और बताया कि झुंझुनूं जिले से 600 एनएसयूआई कार्यकर्ता दिल्ली में विनोद जाखड़ के शपथ ठाहण कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि पहली बार राजस्थान के छात्र नेता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिली है। जिसके चलते सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह है। उन्होंने बताया कि एनएसयूआई झुंझुनूं के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी कांटेक्ट नंबर उपलब्ध करवाए गए है।

# होटल में बैठकर झुग्गी के बच्चों ने देखा सपनों का संसार

- **सरला पाठशाला चिडावा के बच्चों के साथ मनाया रोटी डे**
- **फरवरी महीने में वेलेंटाइन डे, रोज डे ट्रेंड से अलग हटकर युवाओं की नेक पहल, बच्चों के लिए स्टेशनरी सामान वितरित**

**चिड़ावा ।** हर वर्ष कि तरह इस बार भी झुंझुनूं जिले युवा साथी द्वारा झुंझुनूं में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों के साथ रोटी डे मनाकर टीम बुधवार को चिड़ावा में सरला पाठशाला के बच्चों के साथ खुशी होटल चिड़ावा में रोटी डे बनाया। शहर में एक भावनात्मक और प्रेरणादायी दृश्य उस समय देखने को मिला जब झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों के सपनों को साकार करते हुए उन्हें होटल में बैठाकर सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया। झुंझुनूं जिले के युवा साथियों द्वारा सरला पाठशाला चिड़ावा 80 बच्चों के साथ खुशी होटल चिड़ावा में रोटी डे मनाया। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा ने बताया कि अक्सर ये बच्चे होटल के बाहर खड़े होकर अंदर झांकते रहते हैं। उनके मन में जिज्ञासा रहती है कि होटल के अंदर कैसा खाना बनता है और लोग कैसे बैठकर खाते हैं।

झुग्गी में रहने वाले हर बच्चे का सपना होता है कि वह भी कभी होटल में शाही अंदाज में भोजन करें। इसी सपने को पूरा करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। ताकि बच्चों के चेहरे पर खुशी और मन में आत्मविश्वास आ सके। कमलेश काला ने बताया कि फरवरी माह में जहां युवा वर्ग वेलेंटाइन डे, रोज डे और चॉकलेट डे मनाने में व्यस्त रहता है। वहीं झुंझुनूं के जागरूक युवाओं ने इससे अलग हटकर सामाजिक सरोकार निभाते हुए झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों के साथ रोटी डे मनाया। चिड़ावा पुलिस थाने के कार्यवाहक एसएचओ कैलाशचंद्र ने कहा कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा हथियार है। जिससे कोई भी व्यक्ति अपनी मंजिल हासिल कर सकता है।

# 274 विद्यार्थियों को विवेकानंद पुस्तक और कैलेंडर वितरित

- **डॉ. जुल्फिकार ने एक लाख कैलेंडर निशुल्क बांटने का लिया संकल्प**

**झुंझुनूं,** जिले के अलसीसर और मलसीसर के कई सरकारी विभागों सहित पैसिफिक इंटरनेशनल विद्यालय मलसीसर के 274 छात्र-छात्राओं सहित क्षेत्रवासियों को स्वामी विवेकानंद पर आधारित पुस्तकें एवं वर्ष 2026 के विवेकानंद कैलेंडर निशुल्क वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक सुशील शर्मा, प्राचार्य इंदू शर्मा और भीमसर निवासी डॉ. जुल्फिकार ने छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद और खेतड़ी राजा अजीत सिंह के ऐतिहासिक संबंधों की जानकारी देते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद अपने जीवनकाल में तीन बार खेतड़ी आए थे। उनका नाम, पोशाक, पगड़ी शिकागो विश्वधर्म सम्मेलन सहित उनके जीवन की दर्जनों घटनाएं है। जो खेतड़ी से जुड़ी हुई है। खेतड़ी में देश का पांचवां और राजस्थान का पहला अजीत विवेक संठाहालय स्थापित है जिसमें स्वामी विवेकानंद और राजा अजीत सिंह के 109 दिन की विशिष्ट घटनाओं को दर्शाया गया है। डॉ. जुल्फिकार ने न केवल स्वामी विवेकानंद पर पीएचडी की। बल्कि उनके जीवन और विचारों पर पांच पुस्तकें लिखी है। वे वर्ष 2005 से 2009 के बीच किए गए अपने शोध को जीवन की दिशा बदलने वाला अनुभव बताते हैं। उनका कहना है कि स्वामी विवेकानंद के विचार किसी एक धर्म तक सीमित नहीं, बल्कि मानवता, राष्ट्रिनर्माण और युवाशक्ति को दिशा देने वाले हैं। उन्होंने दावा किया है कि रामकृष्ण मिशन खेतड़ी पर पीएचडी करने वाले वे देश के पहले मुस्लिम युवा है। डॉ. जुल्फिकार ने बताया कि वे पिछले सात वर्षों से स्वामी विवेकानंद के प्रेरक संदेशों वाले कैलेंडर निशुल्क वितरित कर रहे हैं। अब तक 75 हजार कैलेंडर दिल्ली सहित राजस्थान के अलवर जयपुर, बीकानेर, सीकर, चूरू, हनुमानगढ़, झुंझुनूं सहित कई जिलों के राजकीय-गैर राजकीय विद्यालयों, मदरसों, वेद विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में वितरित किए जा चुके हैं। वे स्वयं झुंझुनूं जिले के आस-पास टमकोर, जाबासर, अलसीसर, मलसीसर, धंधूरी, क्यामसर, चैनपुरा, लादूसर, कोलिंडा, भीमसर, नूआं, सिरियासर, आबूसर, अणगासर सहित अनेक गांवों में पहुंचकर युवाओं से संवाद करते हैं। उनके हाथ में किताबें होती है और जुबान पर केवल प्रेरणा। उनका लक्ष्य एक लाख युवाओं तक स्वामी विवेकानंद के विचार को पहुंचाना है। विवेकानंद कैलेंडर 2026 सभी धर्मों के प्रति सम्मान आदर, प्रेम और सहिष्णुता का संदेश देता है तथा एकता और भाईचारे को बढ़ावा देता है। राष्ट्रीय युवा दिवस 2020 पर स्वामी विवेकानंद की 158वीं जयंती के अवसर पर नई दिल्ली स्थित आरएसएस मुख्यालय केशव कुंज झंडेवालान में विवेकानंद कैलेंडर का विमोचन किया गया था। तब से यह अभियान लगातार जारी है। इस अवसर पर आरएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं थिंक टैंक डॉ. इन्द्रेश कुमार सहित कई वरिष्ठ प्रचारक मौजूद रहे। तभी से यह कैलेंडर लगातार निशुल्क वितरित किए जा रहे हैं । डॉ. जुल्फिकार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के प्रोजेक्ट्स और अंतरराष्ट्रीय सेमीनारों के तहत बांग्लादेश, श्रीलंका और सिंगापुर की यात्रा कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि इन देशों के रामकृष्ण मठों व मिशन संस्थाओं में रहकर अध्ययन करने वाले पहले भारतीय मुस्लिम प्रोफेसर हैं।

सार-समाचार

## विनोद जाखड़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर खुशी

**झुंझुनूं ।** अंबेडकर भवन झुंझुनूं में बाबा साहेब की स्टेच्यू के सामने कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमर सिंह धीरज, सोसायटी संरक्षक महावीर प्रसाद सानेल व अजाक जिलाध्यक्ष डॉ. संपत्तराम बारूपाल के नेतृत्व में सांगलिया धुणी के परम सेवक विनोद जाखड को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर आतिशबाजी व मिठाई खिलाकर खुशी जताई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष धीरज ने शीर्ष नेतृत्व मल्लिकार्जुन खडगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का आभार जताते हुए उनकी दूरदृष्टि सोच के लिए धन्यवाद दिया है। धीरज ने कहा कि मुझे विश्वास है कि जाखड़ छात्र शक्ति की आवाज को मजबूती से उठाते हुए उनके हक व अधिकारों की लड़ाई पूरी ईमानदारी प्रतिबद्धता व क्षमता के साथ लड़ते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए कांग्रेस पार्टी के लिए तुरूप का इक्का साबित होंगे। इस मौके पर रामस्वरूप सिंह, रामनिवास जिनोलिया, उम्मेद गर्वा, गणपत खन्ना, रामदेव, भोपाल सिंह, घनश्याम आर्य, दीनदयाल गर्वा, बाबूलाल बड़जात्या, शुभकरण बगड़, एनएसयूआई उपाध्यक्ष वसीम खान, साहिल तथा महमूद आदि उपस्थित थे।

## 96 मरीजों की जांच

**रतनगढ़ ।** मानव सेवा के उद्देश्य से रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट के तत्वावधान में शंकरा आई हॉस्पिटल, जिला अंधता निवारण समिति एवं श्री भंवरलाल विनितादेवी बैद चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से माहेश्वरी भवन में 36वां निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया।शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया कि कुल 96 मरीजों की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की गई। इनमें से 29 मरीजों को लेंस प्रत्यारोपण तथा 1 मरीज को कॉर्निया उपचार के लिए चयनित किया गया। अन्य मरीजों को आवश्यक परामर्श व निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। चयनित मरीजों को ऑपरेशन हेतु जयपुर रवाना किया गया, जहां आधुनिक तकनीक से बिना टांके के सफल ऑपरेशन किए जाएंगे।
शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।ट्रस्टी एवं शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया कि शिविर में 96 मरीजों की मोतियाबिंद जांच की गई। जांच के दौरान 29 मरीजों को नेत्र लेंस प्रत्यारोपण तथा 1 मरीज को कॉर्निया उपचार के लिए चयनित किया गया। शेष मरीजों को निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। चयनित रोगियों को ऑपरेशन हेतु जयपुर रवाना किया गया, जहां गुरुवार को आधुनिक तकनीक से बिना टांके के ऑपरेशन किए जाएंगे। शिविर का शुभारंभ भगवान शंकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रिया सिंह, प्रदीप नाहटा, छतरसिंह हीरावत, चतुर्भुज गोस्वामी एवं दीनदयाल खेतान उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत नरेश पेड़ीवाल एवं एडवोकेट रजनीकांत सोनी ने किया। इस अवसर पर राकेश जाजू, महेश जाजू, मांगीलाल स्वामी, एडवोकेट कमल सोनी, प्रताप बोथरा, नन्दकिशोर माटोलिया, पूर्णमल कम्मा, मुरलीधर मण्डगिरा, कनक सोनी, एडवोकेट रामोतार ठठेरा, महावीर रामगढ़िया, अब्दुल सत्तार सहित गणमान्य नागरिकों एवं ट्रस्ट पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## नगरपालिका मंडल रतनगढ़ की तैयारी पूरी

**रतनगढ ।** नगर पालिका मंडल रतनगढ़ द्वारा होली पर्व को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परंपरा के अनुसार इस वर्ष होलिका दहन कार्यक्रम फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा, सोमवार 2 मार्च 2026 को विधि-विधान से आयोजित किया जाएगा।पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ. सहदेव चारण ने बताया कि शास्त्र सम्मत मुहूर्त के अनुसार रात्रि 1:26 बजे होलिका दहन किया जाएगा। इसके साथ ही होली पूजन व स्तंभरोपण कार्यक्रम प्रातः 10:00 बजे संपन्न होगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को

**रतनगढ़** (निसं) वर्ष की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 14.03.2025 के सफल आयोजन के संबंध में आज अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्री सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में न्यायालय परिसर रतनगढ़ में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक बीमा कंपनियों एवं उनके अधिवक्ताओं-प्रकाश मारू, धीरेन्द्र राठौड़, महेंद्र डूकिया, अजय चौधरी एवं प्रमोद इंदौरिया-के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न हुई। इसमें विशेष रूप से (मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण) के अधिकाधिक निस्तारण पर विस्तृत चर्चा की गई। अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों में प्री-काउंसलिंग की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाए, ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का प्रभावी एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में आपसी समन्वय व सक्रिय सहयोग पर भी बल दिया गया।

## नागरिक परिषद के होली स्नेह मिलन समारोह में चंग वादन पर झूमे प्रवासी

**रतनगढ ।** रतनगढ़ नागरिक परिषद दिल्ली एनसीआर द्वारा मोतीनगर स्थित रिट्ज़ वैकंट हाल में सोमवार शाम होली स्नेह मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित रतनगढ़ के प्रवासी श्रोताओं ने चंग और बांसुरी के साथ लोकगीतों व धमाल पर जमकर नृत्य किया। परिषद के अध्यक्ष भामाशाह जोधराज बैद,संरक्षक रितेश पुरोहित , महेंद्र कुमार धानुका,उपाध्यक्ष डालमचंद बैद, महेन्द्र लुण्डिया,मंत्री राकेश प्रजापति,कुणाल व्यास, प्रवीण बैद तथा कोषाध्यक्ष आकाश सराफ सहित अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हरिओम चंग पार्टी द्वारा प्रस्तुत भव्य चंग वादन ने पूरे माहौल को होली के रंग में रंग दिया । कुणाल व्यास के प्रोत्साहन से परिवारों की बहुओं, बहनों और बेटियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को अविस्मरणीय बनाया । समारोह स्थल की आकर्षक साज-सज्जा, चंदन तिलक व साफा-दुपट्टा पहनाकर अतिथियों का स्वागत तथा पारंपरिक व्यंजनों व विभिन्न खोमचों की व्यवस्था चित्ताकर्षक रही । मनभावन गीत संगीत के साथ ताल से ताल मिलाकर नृत्य करते प्रवासियों ने देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लिया।

# चोरी के आरोपियों को डूंगरपुर से दबोचा

- **ताला-चाबी ठीक करने के बहाने रैकी करने के बाद चोरी करते थे**

**बीकानेर, (कासं)।** जेएनवीसी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ताला-चाबी ठीक करने के बहाने घरों में चोरी करने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

थानाधिकारी विक्रम तिवाड़ी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने डूंगरपुर से आरोपियों को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया। थानाधिकारी तिवाड़ी ने बताया कि प्रार्थी अजय आहूजा ने 11 फरवरी 2026 को रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 10 फरवरी 2026 को शाम करीब 4 बजे दो अज्ञात व्यक्ति रास्ते में ताला-चाबी ठीक करने की बात कहते हुए मिले। वे उन्हें घर ले गए जहां अलमारी का ताला ठीक करने के दौरान दोनों ने नजर बचाकर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात व नकदी चोरी कर ली और फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस टीमों का गठन किया गया। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तथा टावर लोकेशन व अन्य तकनीकी संसाधनों की मदद से संदिग्धों की पहचान की गई। लगातार पीछा कर पुलिस ने डूंगरपुर से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। नानक सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह, उम्र 35 वर्ष, निवासी कच्ची बस्ती बेड़वास, प्रतापनगर थाना, जिला उदयपुर। नानक सिंह पुत्र बहादुर सिंह, उम्र 35 वर्ष, निवासी हॉस्पिटल के पीछे बासड़वाड़ा हरिजन बस्ती, कोतवाली थाना, जिला डूंगरपुर को पकड़ा। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी शहर की गलियों में ताला-चाबी ठीक करने के बहाने घूमते थे। जब कोई व्यक्ति ताला सही कराने के लिए संपर्क करता, तो ये कम पैसे में काम करने की बात कहकर मकान मालिक को बातों में उलझाकर अलमारी या संदूक में रखा कीमती सामान चोरी कर बैग में रख लेते और ताला ठीक नहीं होने का बहाना बनाकर मौके से निकल जाते। कार्रवाई में थानाधिकारी विक्रम तिवाड़ी, एसआई विनोद कुमार, हेड कांस्टेबल ईमीचंद (55), कांस्टेबल सुशील (803) व कांस्टेबल संग्राम (962) शामिल रहे। मामले के खुलासे में हेड कांस्टेबल ईमीचंद की विशेष भूमिका रही। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अन्य वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।